卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 260 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦27 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## नदी में डूबने से भाई बहन की मौत

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। दो भाई बहनों की नदी में डूबने से मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया। वर्षीय बहन भावना नेगी दोपहर 2 बजे घर से लापता हो गये। पता चला कि दोनों सुयाल नदी की ओर घूमने गए थे।



जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्राम बख निवासी 16 वर्षीय आदित्य नेगी पुत्र स्वर्गीय प्रेम प्रकाश नेगी एवं उसकी 17 उनकी मां काम से गई थी। शाम को मां ने लौटने पर उनकी खोज खबर की तो उनका कुछ पता नहीं(शेष पृष्ठ 7 पर)

## कार खाई में गिरने से दो की मौत,एक गंभीर

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर मंगलवार सुबह कार खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हादसा खांकरा में सुबह करीब पांच बजे हुआ। कार जखोली से श्रीनगर की तरफ जा रही (शेष पृष्ठ सात पर)

## होकरा में फिर खाई में गिरी कार,दो की मौत

**बीते सप्ताह इसी जगह पर हुई थी दस लोगों की मौत**

पिथौरागढ़ (उद ब्यूरो)। होकरा में फिर दर्दनाक हादसा हो गया। मंगलवार सुबह एक अल्टो कार खाई में गिरने से महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसा उसी जगह पर हुआ जहां बीते सप्ताह एक कार दुर्घटना में बागेश्वर के शाम भनार निवासी 10 लोगों की मौत हो गई थी। उस दर्दनाक हादसे के बाद पीएमजीएसवाई ने इस बदहाल सड़क को चौपहिया वाहनों के लिए प्रतिबंधित किया था। इसके बावजूद लोग यहां से वाहन ले जा रहे हैं। मंगलवार की सुबह भी इसी सड़क से अल्टो कार जा रही थी। वह हादसे का शिकार हो गई। सूचना मिलते ही नाचनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, मौके पर भारी भीड़ जुटी गयी। बताया गया है कि कार दुर्घटना में ग्राम सिरी तहसील कपकोट बागेश्वर निवासी 45 वर्षीय खुशाल सिंह और 35 वर्षीय यमुना की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि दोनों विवाहित थे और उनका प्रेम प्रसंग चल रहा था। तीन दिन से दोनों लापता थे। महिला के परिजनों की ओर से कपकोट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## पिकप खाई में गिरने से चालक की मौत

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। जिले के घाट दिल्ली बैंड के पास बीती रात एक पिकप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मामला देर रात का है पिथौरागढ़ की ओर आ रहे पिकअप वाहन गहरी खाई में गिरने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। रेस्क्यू टीम के द्वारा बताया गया कि पिकअप वाहन नदी में पहुंच गया था जिसमें वाहन के परखच्चे भी उड़ गए थे। हादसे की सूचना पर तहसीलदार पिथौरागढ़ राजस्व टीम और घर पुलिस चौकी के द्वारा रिसक्यू अभियान चलाया गया जिसमें 4 घंटे तक चले रेस्क्यू (शेष पृष्ठ सात पर)



## दो युवकों के शव मिलने से सनसनी

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली व आईटीआई थाना क्षेत्र में अलग -अलग स्थानों पर दो युवकों के लावारिस हालत में शव पड़े होने की



सूचना ने यहां इलाके में सनसनी फैला दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के



हवाले कर दिया गया। पहली घटना के बारे में पता चला है कि आईटीआई थाना क्षेत्र के पैगा पुलिस चौकी इलाके में अलीगंज से ठाकुरद्वारा की ओर जाने वाले मार्ग पर एक धान के खेत में लावारिस हालत में युवक की लाश पड़े होने की सूचना सुबह सवेरे पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त रामनगर लतीफपुर टांडा बादली जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी अंकित 25 वर्ष पुत्र छत्रपाल सिंह के रूप में की। परिजनों को इसका पता चलने पर वह भी तत्काल मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि मृतक मेहनत मजदूरी करता था। वह सोमवार की शाम पैगा (शेष पृष्ठ 7 पर)

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव,नहीं हो सकी शिनाख्त

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव क्षत-विक्षत अवस्था में लावारिस पड़ा पाया गया। पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। जानकारी के मुताबिक आज सुबह पुलिस को पता चला कि एस आर एफ आईटी के पीछे रामनगर रोड पर रेलवे लाइन पर एक युवक की लाश पड़ी है। पुलिस को सूचना मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटा ते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## विवाह के छठे दिन नवविवाहिता जेवर व नगदी लेकर फरार

काशीपुर(उद संवाददाता)। शादी के छठे दिन नवविवाहिता जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई। मामला नयी बस्ती कटोराताल का है। पीड़ित के पिता द्वारा मामले की तहरीर पुलिस को दी जा रही है। जानकारी के अनुसार नयी बस्ती पोस्टमार्टम हाउस निवासी एक व्यक्ति की शादी मुस्लिम रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई थी। विवाह इसी माह 21 जून को हुआ था। तहरीर के मुताबिक आज सुबह साढ़े छह बजे जब घर के लोग उठे तो नवविवाहिता गायब थी और (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार लूट काण्ड का खुलासा,तीन दबोचे

**रंजिशन सबक सिखाने के लिए लूटी थी कार**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने गत दिनों सनसनीखेज ढंग से कार लूट का खुलासा कर लूटे हुये वाहन सहित 3 अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पकड़े गये बदमाशों से पूछताछ में पता चला कि एक व्यक्ति को रंजिशन सबक सिखाने के लिए लूटी गई कार का उपयोग किया जाना था। उन्होंने बताया 18 जून को कार स्वामी ने थाना सितारगंज में तहरीर दी कि वह 17 जून की रात्रि होटल ग्रान्ड शारदा पीलीभीत से अपनी कार संख्या यूपी 25 डीआर 1433 से घर रुद्रपुर अस रहा था। मार्ग में कटंगरी मोड़ के पास पहुंचने पर उनकी गाड़ी से आगे चल रही बिना नम्बर की गाड़ी के चालक ने अचानक अपनी गाड़ी उसकी गाड़ी के आगे रोक दी। उसमें बैठे 4 लोगों में से 2 लोग गाड़ी से उतरकर उसकी कार के बोनट के आगे आये तथा एक व्यक्ति ने बोनट पर चढ़कर तमंचा दिखाया। दूसरे व्यक्ति ने दरवाजा खोलने को कहा जिससे उसने कार का लॉक (शेष पृष्ठ सात पर)



## आठ सप्ताह में लोकायुक्त की नियुक्ति के आदेश

नैनीताल(उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने लोकायुक्त की नियुक्ति व लोकायुक्त संस्थान को सुचारु रूप से संचालित किए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को प्रदेश में आठ सप्ताह में लोकायुक्त की नियुक्ति के आदेश दिए हैं। बता दें इससे पूर्व हुई सुनवाई में कोर्ट ने सरकार से शपथपत्र के माध्यम से यह बताने के लिए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए अभी तक क्या किया और संस्थान जब से बना है तब से 31 मार्च 2023 तक इस पर कितना खर्च हुआ। कोर्ट ने इसका वर्षवार विवरण पेश करने के लिए कहा था। दरअसल हल्द्वानी गौलापार निवासी रवि शंकर जोशी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि(शेष पृष्ठ सात पर)



## युवती को भेजी अश्लील फोटो, युवक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोबाईल पर अश्लील फोटो व वाईस रिकार्डिंग भेजने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ पीड़िता ने रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि 18 जून की मध्य रात्रि व 20 जून की सुबह 4 बजे अज्ञात युवक का उसके मोबाईल पर विडियो काल आया जो उसने नही उठाया । इसी नम्बर से उसके व्हाटसअप पर जान से मारने की धमकी दी। फोन न उठाने पर अश्लील फोटो व वाईस रिर्कोडिंग भेजी । पीड़िता ने बताया जब उससे पुलिस मे रिपोर्ट लिखाने को कहा तो वह बोला पुलिस भी उसका कुछ नही बिगाड सकती है । पुलिस में गई तो कभी भी कही भी कुछ भी कर सकता है।जब युवक के नम्बर की जानकारी अपने व संगठन के द्वारा प्राप्त की तो परेशान व अश्लील फोटो, वाईस रिकोर्डिग व धमकी देने वाला व्यक्ति का नाम पता पंकज पाडे पुत्र आनंद पांडे, निवासी इन्द्रा कोहली उतरी खताडी, रामनगर नैनीताल के रूप में सामने आया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घायल महिला ने तोड़ा दम,पुलिस ने रोका अंतिम संस्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला ने उपचार के दौरान बरेली में दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम किये बिना दाह संस्कार करने जा रहे थे तभी सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किच्छा निवासी राकेश उर्फ डब्बू की पत्नी 29 वर्षीय गीता का रम्पुरा में मायका है। रविवार को वह मायके आयी थी। रात को किच्छा रोड पर सड़क क्रास करते वक्त टेंपो ने गीता को टक्कर मार दी। इससे गीता गंभीर रूप से घायल हो गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क किनारे घायल मिली युवती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी मार्ग पर संजयवन के समीप एक युवती गंभीर रूप से घायलावस्था में पड़ी मिली। राह गुजरते एक कार चालक ने मानवता का परिचय देते हुए उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। मामले से युवती के परिजनों को अवगत करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी की ओर से आती कार के चालक को संजय वन के पास मार्ग किनारे एक युवती गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी दिखाई दी। युवती अचेत अवस्था में थी। कार चालक ने मानवता का परिचय देते हुए घायल युवती को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। होश में आने पर युवती ने अपना नाम पता रेखा (21 वर्ष) पुत्री शंकर राम निवासी ठाकुर नगर ट्रांजिट कैम्प (शेष पृष्ठ सात पर)



## चोरों ने गोल्डन एजेंसी के ताले तोड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि सिद्धू बार गली में स्थित गोल्डन एजेन्सी के अज्ञात चोरों ने चोरी के इरादे से शटर के ताले तोड़ दिये परंतु भीतर लगा शीशे का दरवाजा आवाज होने से आस पडोस के लोगों के उठ जाने के भय से नहीं तोड़ा। जिस कारण चोरी की एक बड़ी घटना होने से टल गई। बताया जाता है कि सिद्धू बार गली में गोल्डन एजेन्सी नाम से क्राकरी की एक बड़ी दुकान है। गत 25 जून को रात्रि दुकान स्वामी किशोर अरोरा रोज की तरह दुकान बंद कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया विदेशी डेलिगेट्स का स्वागत

## नरेन्द्रनगर ऋषिकेश में जी-20 सम्मेलन की तीसरी बैठक के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित, 'स्मार्ट सिटी' और 'वाइब्रेंट विलेज' जैसी योजनाओं पर सरकार का फोकस

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को नरेंद्र नगर टिहरी में आयोजित जी 20 इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक के सभी डेलीगेट्स का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्ष के रूप में गौरवशाली यात्रा सहज, सरल और सक्षम रूप से गतिमान है। राज्यपाल ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर महत्वपूर्ण तत्व है जो हर समाज की प्रगति के लिए आवश्यक होता है। विकासशील और सशक्त इंफ्रास्ट्रक्चर राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह समिति, जी-20 देशों के बीच भागीदारी भी सुनिश्चित की है। राज्यपाल ने कहा कि सरकार ने "स्मार्ट सिटी" और "वाइब्रेंट विलेज" जैसी योजनाओं का प्रारंभ किया है। एक ओर जहां "स्मार्ट सिटी योजना" शहरी क्षेत्रों को आधुनिकीकृत, सुरक्षित और सुसंगत बनाने के लिए उच्च तकनीकी और इंटेलिजेंट समाधानों का उपयोग करते हुए शहरों को सशक्त, सुरक्षित, पर्यावरण के अनुरूप बनाने की पहल है वहीं "वाइब्रेंट विलेज योजना" ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को सुदृढ़



ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तत्पर हैं। विश्व स्तरीय "ऑल वेदर रोड" प्रोजेक्ट का निर्माण होने से यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को भी अनेकों सुविधाएं मिली हैं, एक विस्तृत आधुनिक और सुरक्षित परिवहन नेटवर्क के विकास के माध्यम से यातायात को सुगम बनाया जा रहा है। आने वाले समय में "ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन" का कार्य पूर्ण होने पर पहाड़ पर भी रेल के माध्यम से यात्रा करने का सपना पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री कि जी-20 की यह विशेष इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठक, हमारी सनातन संस्कृति की इसी मूल अवधारणा को पुष्पित व पल्लवित करने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को प्राकृतिक आपदाओं से वर्षभर सामना करना पड़ता है इसलिए यहां का आधारभूत ढांचा इस तरह बनना चाहिए जो आपदाओं के समय भी आम आदमी के काम आ सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी-20 इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप







इंफ्रास्ट्रक्चर के विभिन्न पहलुओं पर मंथन और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। प्रदेश में विकास कार्यों को करने के साथ साथ जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए भी कार्य किया है और साथ जन करने के लिए सरकारी वित्तीय सहायता, संसाधनों की उपलब्धता और प्रशासनिक समर्थन प्रदान करती है। इसका मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि, स्वावलंबन और ग्रामीण-शहरी अंतर को कम करना है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में भार ना बढ़े इसके लिए गांवों को भी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, हर व्यक्ति को पीने का स्वच्छ पानी मिले इसके लिए "हर घर नल, हर नल जल" जैसी योजनाएँ, नमामि गंगे योजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों में बने वाटर ट्रीट्मेन्ट संयत्रों के उपयोग से अब नदियों में दूषित जल प्रवाहित नहीं हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार के व्यापक सहयोग से उत्तराखण्ड में पर्यटन, परिवहन, बिजली आपूर्ति इत्यादि क्षेत्रों में प्रगति हुई है और अब हम इसे नई श्री पुष्कर सिंह धामी ने विदेशी मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी देश के विकास का पैमाना उस देश का आधारभूत ढांचा ही तय करता है, यही तय करता है कि उस देश का वर्तमान और भविष्य कैसा हो। आधारभूत ढांचे का पर्याय सिर्फ रेल, रोपवे, रोड आदि बनाना नहीं वरन आधारभूत ढांचे का असल मकसद आम आदमी की समस्याओं को कम करना और उसके रहन सहन को सुगम, सरल एवं सुरक्षित बनाना है। सोमवार को नरेन्द्रनगर ऋषिकेश में जी-20 सम्मेलन की तीसरी बैठक के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या एवं संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पर्वत श्रृंखला हिमालय की गोद में बसा हमारा प्रदेश उत्तराखंड, ''देवभूमि'' के रूप में विख्यात है। जहां यह एक ओर हरिद्वार-ऋषिकेश, गंगोत्री-यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, जागेश्वर, पूर्णागिरि जैसे पौराणिक, आध्यात्मिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्रों की पवित्र भूमि है, वहीं गंगा, यमुना, अलकनंदा सहित कई महान नदियों का उद्गम स्थल भी है। हमारा राज्य योग, आयुर्वेद, ध्यान का एक वैश्विक केंद्र होने के साथ-साथ प्राचीन भारतीय सभ्यता का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के जी-20 की थीम एक पृथ्वी एक परिवार और एक भविष्य है, जो मूल रूप से भारतीय संस्कृति द्वारा विश्व को दिए गए सिद्धांत "वसुधैव कुटुंबकम" पर आधारित है, जिसका अर्थ है "समस्त विश्व एक परिवार है". मुख्यमंत्री ने कहा द्वारा नरेन्द्रनगर ऋषिकेश में किए गए मंथन से जो अमृत निकलेगा वो पॉलिसी और इंप्लीमेंटेशन के बीच के गैप को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज जिस प्रकार भारत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उसी प्रकार उनकी अध्यक्षता में जी-20 समूह भी अपने महान उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में आयोजित जी-20 सम्मेलन की इस बैठक में जो अनुभव तथा विचार सांझा किए जा रहे हैं, वे समस्त वैश्विक मानवता के कल्याण, विकास और समृद्धि के मार्ग को प्रशस्त करेंगे तथा "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना को और अधिक मजबूत करेंगे तथा आप सभी को यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का भी अवसर प्रदान करने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने जी-20 की इस तीसरी बैठक में आये सम्मानित प्रतिनिधियों का सवा करोड़ उत्तराखंडी जनता की ओर से स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी यहां से यादगार अनुभव अपने साथ लेकर जाएंगे। साथ ही बैठक के दौरान आप सभी को प्रकृति की गोद में बसे उत्तराखण्ड के सुरम्य स्थलों के दर्शन तथा उत्तराखण्डी व्यंजनो का भरपूर आनंद लेने का भी अवसर मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल ले जन (से नि) गुरमीत सिँह, सांसद श्री नरेश बंसल, श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक श्री विनोद कंडारी तथा प्रशासन के उच्चधिकारी व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न कराना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी : सीएम

## सीएम धामी ने दिये व्यवस्थाओं को चाक-चौबन्द रखने के निर्देश

हरिद्वार उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज हरिद्वार में कांवड़ यात्रा-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में जन-प्रतिनिधियों, शासन के उच्चाधिकारियों एवं जिला स्तर के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय गहन समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कांवड़ मेला आरंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालु अपने मन-मस्तिष्क में देवभूमि का अच्छा सा संदेश लेकर जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि हर दो-दो घण्टे में शौचालयों आदि की सफाई की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यात्रा सकुशल सम्पन्न कराना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। सभी सम्बन्धित अधिकारी अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन कि कांवड़ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत जो एडवाइजरी बनाई गई है, उसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। कांवड़ यात्रा





कर्तव्यनिष्ठा एवं सजगता से करें। यात्रा मार्ग तथा पार्किग स्थलों पर साइनेज प्रकाश एवं स्वच्छता आदि की कारगर व्यवस्था बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा सुव्यवस्थित हो, इसके लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए, जिसमें शासन के वरिष्ठ अधिकारी आदि को शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांवड़ मेला अवधि में हरिद्वार में कांवड़ मेले से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु करेंगे। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों से नीलकण्ठ महादेव की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा व्यवस्थाओं को चाक-चौबन्द रखने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने को निर्देश दिये कि आज ही हिलबाईपास को खोले जाने के सम्बन्ध में एनओसी जारी की जाए ताकि मरम्मत आदि का कार्य यथासमय पूरा कर लिया जाए। समीक्षा बैठक में सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, विधायक श्री मदन कौशिक, श्री आदेश चौहान, श्री प्रदीप बत्रा, श्रीमती ममता राकेश, पूर्व विधायक श्री संजय गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री संदीप गोयल, श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री श्री तन्मय वशिष्ठ मौजूद रहे।

# रातों-रात आसमान छू गए टमाटर के दाम

## बाजार में 100 रूपये किलो व थोक मंडियों में 70 से 80 प्रति किलो महंगा बेच रहे भीषण गर्मी के कारण भी टमाटर व सब्जियों की फसल को हुआ है नुकसान

ऊधमसिंहनगर। सब्जी मंडी में टमाटर का भाव इन दिनों लोगों को रुला रहा है। देश के कई हिस्सों में टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलोग्राम के पार होने लोगों रके होश फाक्ता हो गये। यहां तक कि थोक मंडियों में इसके भाव 70 रुपये से 80 प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी, कम उत्पादन और बारिश में देरी से टमाटर की खुदरा कीमतें देश के कुछ हिस्सों में अब 120 रुपये किलो तक महंगा हो गया है। थोक बाजारों में यह 70 रुपये किलो तक है। टमाटर के साथ कुछ सब्जियों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। व्यापारियों के मुताबिक, मई में टमाटर की कीमतें थोक बाजार में 3-5 रुपये किलो और खुदरा बाजार में 10-20 रुपये किलो थीं। लेकिन जून में यह अचानक बढ़ गई और अब 100 रुपये के पार है। पिछले हफ्ते में टमाटर की कीमतें तीन गुना बढ़ी हैं। हरियाणा व उत्तर प्रदेश से टमाटर की आपूर्ति कम होने से बंगलूरू से टमाटर आ रहा है। हाल में बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। इससे व्यापारी तारों के भरोसे पौधों को खड़ा कर रहे हैं। दिल्ली के व्यापारी महाराष्ट्र के किसानों से टमाटर मंगाने के लिए बात कर रहे हैं। व्यापारियों



का कहना है कि आगे भी कीमतें ऊंची रहेंगी, ऐसी संभावना नहीं है। जब नई फसल आएगी तो कीमतों में कमी आने की उम्मीद है। लेकिन अगर हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में बारिश ज्यादा रही तो फसलों पर असर पड़ सकता और कीमतें ऊंची रह सकती हैं। कम भाव मिलने के कारण किसानों ने फसलों पर पेस्टिसाइड या खादों का छिड़काव नहीं किया जिससे उत्पादन में कमी आई। जानकार बताते हैं कि बिपरजॉय तूफान के कारण हुई बारिश से एक तरफ महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में टमाटर की फसल प्रभावित हुई है तो दूसरी ओर बिहार और पश्चिम बंगाल में भीषण गर्मी के कारण भी टमाटर की फसल का नुकसान हुआ है। इसके परिणामस्वरूप देश के कई राज्यों की मंडियों में टमाटर की आवक कम हो गई, जिससे कीमतें रातों-रात आसमान छू गईं। मानसून की बारिश शुरू होने से भी टमाटर की फसल प्रभावित हुई। टमाटर ही नहीं मंडियों में अन्य हरी सब्जियों की कीमतों में भी उछाल देखा जा रहा है। हालांकि, उम्मीद की जा रही है कि कुछ राज्यों में अगले एक दो महीनों जब टमाटर व अन्य सब्बियों की नई खेप की आवक बढ़ेगी कीमतों में राहत मिलगी।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

आवश्यकता है
रुद्रपुर में पेट्रोल पम्प पर काम करने हेतु सेल्स मैन की।
वेतन योग्यतानुसार
-:सम्पर्क करें:-
मो.9219617953

आवश्यकता है
स्टोर इंचार्ज की।
जिसे टेली का अनुभव हो।
एक वर्ष का अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता।
-:संपर्क करें:-
नेशनल मशीनरी स्टोर
रुद्रपुर,मो.7906477795


# बेरीपडाव में रेस्टोरेंट से दस पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए ग्राम बेरी पड़ाव में एक रेस्टोरेंट में औचक दबिश देकर 10 पेटी शराब के साथ रेस्टोरेंट स्वामी को



गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार निरंतर मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हल्द्वानी आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निकटवर्ती ग्राम बेरीपड़ाव ने स्थित एक रेस्टोरेंट में जब छापामारी की गई तो वहां पर भारी मात्रा में शराब रखी हुई थी। टीम ने रेस्टोरेंट स्वामी गिरीश चन्द्र बेलवाल, निवासी दुर्गापालपुर को मौके से गिरफ्तार जक लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी रेस्टोरेंट में काफी दिनों से शराब की बिक्री कर रहा था। रेस्टोरेंट स्वामी ने बताया कि वह कम दामों में शराब बाहर से खरीद कर अपने रेस्टोरेंट में ऊंचे दामों में बेचता था।आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एनडीआरएफ ने दिया स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)। एनडीआरएफ की 12 सदस्यीय टीम द्वारा विभिन्न मुद्दो को लेकर आजाद नगर स्थित दक्षिका गैस ऐजेन्सी पर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में भूपकम्प, बाढ़, आग की घटनाओं सहित अन्य आपदा के समय बचाव की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि अग्निकाण्ड के समय किस प्रकार की सुरक्षा बरती जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि पर्वतीय क्षेत्र होने के चलते स्थानीय लोगों को वर्षा ऋतु के समय



इस प्रकार भू खस्लन, बाढ़ जैसी घटनाओं से समय-समय पर दो चार होना पड़ता है ऐसी स्थिति में पीड़ित लोगो को सुरक्षित स्थान तक पहुॅचाना सहित अन्य बिन्दुओ की जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों को जागरुक किया गया। इस मौके तहसीलदार, आोक कुमार पटवारी, उप निरीक्षक लवीा यादव, मुको कुमार, जोरावर सिंह, विन्दोवर प्रसाद, रवि कुमार, गोपाल चन्द्र सक्सेना, इन्द्र पाल, कृणा कौर थे।

# सीएम को भेंट किया लोकनायक जयप्रकाश नारायण का चित्र

हरिद्वार (उद संवाददाता)। आपातकाल की 48 वीं वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को छात्र संघर्ष वाहिनी,जन अधिकार अभियान और जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण का चित्र को भेंट किया।लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से जुड़े रहे जन अधिकार अभियान के अध्यक्ष सुनील दत्त पांडेय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री धामी को लोकनायक का चित्र भेंट किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी और लोकतंत्र का सबसे बड़ा रक्षक बताया। पांडेय ने बताया कि जयप्रकाश नारायण जी की स्मृति में हरिद्वार के ग्रामीण क्षेत्र में लोकनायक जयप्रकाश नारायण पुस्तकालय ,वाचनालय एवं अध्ययन केंद्र जल्दी ही खोला जाएगा।



# सफाई व्यवस्था दुरुस्त न किये जाने से नाराज वार्डवासियों ने सौपा एसडीएम को ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। पालिका क्षेत्र के वार्ड तीन के स्थानीय लोगों ने पालिका प्राासन पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त न किये जाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर उपस्थित अधिकारी को ज्ञापन सौप कार्रवाही की मांग की। दिये गये ज्ञापन में स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि वार्ड न०3 की नालियों की साफ-सफाई का दावा नगर पालिका लगातार करती आ रही है, जबकि इसके विपरीत स्थानीय लोगों को कॉलोनी में फैली गंदगी के चलते आये दिन परोानी से रुबरु होना पड़ता है। बरसात में घरों में पानी घुसने से लाखों रुपए का नुकसान कालौनी वासियों को होता है, बावजूद इसके कोई ठोस योजना नगर पालिका द्वारा इन नालियों की सफाई की नहीं बनायी गयी है। इस कारण बरसात के दिनों में कालोनी में बीमारी फैलने की आशंका बनती जा रही है। कालौनी वासियों का कहना है कि नालियों की सफाई के मामले में कई बार नगर पालिका में लिखित व मौखिक शिकायतें की गयी है। परन्तु वार्ड मेम्बर, विभागीय अधिकारी तथा किच्छा नगर पालिकाध्यक्ष



कोई भी समस्या सुनने को तैयार नहीं है। स्थिति इतनी खराब है कि 6-6 महीने में एक बार सफाई कर्मचारी कालौनी में पहुंचते है। उन्होंने उक्त समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी कार्रवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में करन गंगवार, प्रसून अग्रवाल, शिव कुमार मित्तल, ब्रहम्मानन्द पुरोहित, संतोा रघुवाी, अनिल कुमार, नरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे। इधर उक्त संदर्भ में नगर पालिका सभासद लियाकत अंसारी एवं अधिाासी अधिकारी गुरमीत सिंह से वार्ता करने का प्रयास किया परन्तु उनसे सम्पर्क नही हो पाया।

# चिन्हित पर्यटक स्थलों की डीपीआर शासन को भेजें: डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने जिला कलैक्ट्रेट सभागार में 30 सूत्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु रोडमैप तैयार करने एवं योजनाओं के वार्षिक लक्ष्य प्राप्ति हेतु किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि उनके विभाग द्वारा जिन भी योजनाओं का निर्माण किया जाता है उन योजनाओं में और क्या सम्भावनायें हो सकती है, क्या समस्यायें आ सकती है इन बातों को ध्यान में रखते हुए वार्षिक योजना तैयार की जाय और उस लक्ष्य को कैसे प्राप्त किया जाय उसके लिए रणनीति तैयार की जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग व वन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि हमें जनपद में नये पर्यटक स्थलों को विकसित करने होंगे तथा उन पर्यटक स्थलों में मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये वार्षिक योजना बनानी होगी। उन्होंने कहा कि चिन्हित पर्यटक स्थलों की डीपीआर बनाकर



शासन को प्रेषित की जाय। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, डीआरडीए विभाग, युवा कल्याण, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा 30 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्त करने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि वार्षिक योजना बनाते समय समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि वार्षिक योजना बनाते समय जो समस्यायें आ रही है उसके निदान पर कार्य किया जाय। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी सी0एस0 मर्तोलिया, परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह, अर्थ एवं संख्याधिकारी रेनू भण्डारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ईद-उल-अजहा मुहब्बत और आत्म समर्पण की मिसालः मौलाना रिजवी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं उलमा कौसिंल के अध्यक्ष



मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने प्रेस को जारी किये गये एक बयान में कहा है कि इस्लामी कलेण्डर के मुताबिक साल का आखरी महीना जिलहज्ज होता है। इसी माह की 10वीं तारीख को पूरी दुनियां में ईद-ए- कुर्बान रिवायत और अकीदत के साथ मनाई जाती है जो कि 29 जून, 2023 गुरूवार को पूरे देश मे मनाई जायेगी। इस मौके पर मुसलमान पैगम्बरे इस्लाम के दादा हजरत इब्राहीम की सुन्नत को अदा करते हुए दिनांक 29, 30 जून व 01 जुलाई को अपने रब की बारगाह में कुर्बानी पेश करेंगे। ये बरकतों भरे और पवित्र लम्हे उस वक्ष्त की यादगार हैं। जब हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम को खुदा की राह मे कुर्बानी के लिए पेश कर दिया था। एक बाप के लिए अपने बेटे को कुर्बान करना मुश्किल ही नही ना मुमकिन भी है मगर वो मामूली बाप न थे अल्लाह के खलील (मित्र) थे। जिनको अल्लाह ने कदम-कदम पर आजमाया था मगर हजरत खलील के कदम जरा भी न डगमगाये और जब बाप ने बेटे को कुर्बानी का हुक्म सुनाया तो उस महान बेटे ने खुशी-खुशी अपने सर को झुका दिया। और जब हजरते खलील इस आखरी इम्तेहान मे भी कामयाब हुए तब अल्लाह ने आप के सर पर इमामत का ताज सजाया। और उनकी कुर्बानी को कुबूल करते हुए बेटे की कुर्बानी को दुम्बे (जानवर) की कुर्बानी में बदल दिया। इस दिन सारी दुनिया के मुसलमान हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद ताजा कर उनकी सुन्नत पर अमल करते हुए अल्लाह की बारगाह मे कुर्बानी पेश करते हैं और अपने रब की रजा हासिल करते हैं। मौलाना रिजवी ने कहा कि मै अपने समाज के लागों से भी पुरजोर अपील करता हूं कि ईद-ए-कुर्बा के मुबारक मौके पर प्रशासन द्वारा जारी की गई हिदायात के मुताबिक एहतियात के साथ ईद मनायें और आगामी दिनांक 29, 30 जून व 01 जुलाई को अपनी- अपनी कुर्बानी का फरीजा अंजाम दें। सफाई का खास खयाल रखें और कुर्बानी इस तरह करें कि किसी को भी परेषानी न हो। कुर्बानी सार्वजनिक स्थानों पर न करें। किसी भी प्रतिबन्धित जानवर की कुर्बानी न करें। श्री रिजवी ने समाज के नौजवानों से विशेष तौर पर ये अनुरोध किया है कि कुर्बानी के जानवर या कुर्बानी का फोटो किसी भी सोशल मीडिया पर शेयर न करें। फेसबुक और व्हाट्सअप की अफवाहों पर ज्यादा ध्यान न दें और कोई ऐसा मैसेज जो अम्न और शान्ति को भंग करने वाला वायरल हो तो उसे हरगिज शेयर न करें कानून अपने हाथो में न ले और अपने क्षेत्र का माहोल खराब न होने दें।

# जलभराव से परेशान व्यापारियों ने सड़क निर्माण का किया विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण को लेकर व्यापार मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियो ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुॅचकर पीडब्लूडी द्वारा कराये जा रहे सड़क निर्माण का विरोध करते हुए जल भराव की समस्या से अवगत कराया उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में निरन्तर पीडब्लूडी



द्वारा सड़क को ऊॅचा किये जाने से दुकान स्वामियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, सड़क के ऊॅचा होने से वर्षा ऋतु के दौरान दुकानो के सामने पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिस पर उपजिलाधिकारी से उक्त समस्या के निदान हेतु पीडब्लूडी जेई, नगर पालिका अधिाासी अधिकारी संग संयुक्त वार्ता करते हुए उक्त दिाा में कार्रवाही करने के निर्दो दिये। इस मौके पर पीडब्लूडी जेई प्रकाा लाल, ईओं गुरमीत सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज, नितिन फुटेला, विजय कुमार अरोरा, ऋाि बजाज, विजयंत चौधरी थे।

# खतरे में तराई की कृषि भूमि ,कब जागेगी सरकार ?

## मिट्टी में निरंतर घोला जा रहा जहर ,बढ़ता जा रहा कृषि भूमि के बंजर होने का खतरा ,रासायन युक्त सब्जियों और अनाज के सेवन से जहरीले रसायन आमजन के शरीर में पहुंच रहे

-अर्श-

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई की अन्नपूर्णा धरती की कोख में बेहिसाब रासायनिक उर्वरक झोंक,अधिकाधिक उपज लेने की होड़ साल दर साल बढ़ती ही जा रही है ।नतीजतन तराई की कृषि भूमि के कालांतर में बंजर होने का खतरा तो निरंतर बढ़ ही रहा है, साथ ही रासायनिक उर्वरकों के प्रचुर उपयोग द्वारा उत्पादित कृषि उत्पादों के उपभोग से ,जन सामान्य को अनेक अनचाही बीमारियां भी घेर रही हैं। आश्चर्य की बात यह है कि रासायनिक उर्वरकों के बेतहाशा प्रयोग को कम कर जैविक खेती को बढ़ावा देने की ओर सरकार का ध्यान तनिक भी नहीं है और तो और, सरकारी संरक्षण में कार्य करने वाले तमाम कृषि विज्ञानियों का पूरा फोकस भी मोटे तौर पर कृषि उत्पादन बढ़ाने पर ही है। उनके द्वारा इस तथ्य पर कम ही विचार किया जाता है कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों से कृषि भूमि पर किस किस्म के दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं, कि सूबे की बढ़ती आबादी की खानपान की जरूरतों के मद्देनजर उत्तराखंड को अपना कृषि उत्पादन बढ़ाना ही होगा ,परंतु कृषि उत्पादन मे वृद्धि के लिए कृषि भूमि और आमजन की सेहत को संकट में नहीं डाला जा सकता। बताना होगा कि फसलों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए तराई के किसान पिछले एक दशक से रासायनिक खादों का इस्तेमाल पुरजोर तरीके से कर रहे हैं। रासायनिक खाद के उपयोग से खेत की उत्पादन क्षमता अल्पकाल के लिए बढ़ती है। साथ ही रासायनिक खाद से मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति भी क्षीण हो जाती है। खेतों की मिट्टी में



पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए कीट पतंगों का होना बहुत ही आवश्यक होता है। रासायनिक खाद के उपयोग से फसलों के मित्र कीट पतंग भी नष्ट हो जाते हैं और यह मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने वाले केंचुओं को भी नुकसान पहुंचाता है। रासायनिक खाद का प्रयोग मिट्टी में अम्ल की मात्रा बढ़ाता है। अम्लता बढ़ने से मिट्टी में जिंक और बोरान जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की भी कमी हो जाती है। रासायन युक्त हाईब्रीड फल-सब्जियों और अनाज के सेवन से जहरीले रसायन आमजन के शरीर में पहुंच रहे हैं। इस कारण कैंसर के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्लड कैंसर जैसे रोग के मरीजों की संख्या पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रही है। बच्चों से लेकर बूढ़े तक ,कोई भी इन बीमारियों से अछूता नहीं है। पिछले कई सालों में हृदय रोग के आंकड़े भी बहुत ज्यादा बढ़े हैं। लिवर की बिमारियां, आंतों में सड़न, पाचन क्रिया में बाधा आना जैसी अनेक समस्याएं बढ़ रही हैं। इन सभी बढ़ती बीमारियों का कारण सामान्यतया हानिकारक रसायन ही है ,जोकि विभिन्न कृषि उत्पादों के सेवन से शरीर के भीतर पहुंच रहे हैं। तराई की कृषि भूमि मे पिछले एक दशक से निरंतर घोले जा रहे रासायनिक उर्वरकों का असर अब साफ नजर आने लगा है ।कृषि विज्ञानियों द्वारा हाल ही में किए गए मिट्टी परीक्षण में अम्लीयता बढ़ने एवं जिंक व बोरान की कमी के लक्षण मिले हैं ।जाहिर है कि अब तराई की समूची कृषि भूमि को रिचार्ज किए किया जाना बेहद जरूरी हो गया है, लेकिन दुर्भाग्य से उत्तराखंड सरकार का ध्यान अभी इस ओर नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह समय रहते तराई की समस्त कृषि भूमि का मृदा परीक्षण कराए और आवश्यकता अनुसार कृषि भूमि को रिचार्ज करने एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कोई बेहद कारगर कार्य योजना अतिशीघ्र लेकर आए।

# बकरा ईद पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

## शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ ईद का पर्व को मनाए जाने की अपील

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हरबन्स सिंह, एसपी सिटी द्वारा कोतवाली के मीटिंग हॉल में आगामी बकरा ईद के दृष्टिगत शहर की जनता के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में एसडीएम पंकज उपाध्याय, ऋचा सिंह सिटी मजिस्ट्रेट एवं भूपेंद्र सिंह धौनी, क्षेत्राधिकारी भी उपस्थित रहे। गोष्ठी में हल्द्वानी, मुखानी, काठगोदाम व बनभूलपुरा क्षेत्रों से आए पीस कमिटी के सदस्यों और संभ्रांत व्यक्तियों की समस्याएं जानी गई और समाधान करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुस्लिम समुदाय के स्थानीय लोगों द्वारा बकरा ईद पर्व के दौरान पानी एवं बिजली की समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया। जिनका समाधान करने हेतु सिटी मजिस्ट्रेट तथा एसडीएम द्वारा सर्वंधित विभागो के प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस व प्रशासन द्वारा जनता से शांतिपूर्ण और भाईचारे के



साथ उक्त पर्व को मनाए जाने की अपील की गई है। त्योहार में स्थानीय प्रतिनिधि यों से साफ सफाई का विशेष ध्यान देने को कहा गया। सभी से यातायात नियमों का पालन करने विशेषकर युवाओं को हेलमेट का प्रयोग करने तथा तेज रफ्तार से वाहन न चलाने की अपील की गई। साथ ही नाबालिकों को वाहन न देने को कहा गया। सभी धर्मों के प्रतिनिधियों से धार्मिक सौहार्द को बनाए रखने की अपील की गई। जिन अराजक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने का प्रयास किया जाता है उनकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने की कहा गया। कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दिया जाय और न ही ऐसी गतिविधियों में शामिल हों। अन्यथा पुलिस द्वारा ऐसे लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की जाएगी। गोष्ठियों में हरेंद्र चौधरी, प्रभारी निरीक्षक, नीरज भाकुनी, एसओ बनभूलपुरा, रमेश बोहरा, एसओ मुखानी, उनि महेंद्र राज सिंह प्रभारी थाना काठगोदाम, उनि फिरोज आलम चौकी प्रभारी मल्ला काठगोदाम समेत संबंधित क्षेत्रों के व्यापार मंडल के अध्यक्ष और सदस्य, संभ्रांत व्यक्ति, पार्षद, मौलवी, गुरुद्वारों के प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स को किया नशे के खिलाफ जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने 78 यूके बटालियन एनसीसी हल्द्वानी के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रवीश त्रिपाठी ने सभी कैडेट्स को



नशे के खिलाफ जागरूक किया तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को बताते हुए उनसे दूर रहने की सलाह दी। प्रतियोगिता में सोफिया अंजुम ने प्रथम, दीक्षा अधिकारी ने द्वितीय तथा बबिता अधिकारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सीनियर अंडर ऑफिसर राहुल, कैडेट्स रंजीत चौहान, मयंक श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, विपिन, ऋतिक रमोला, ऋतिक, अविनाश, ललित कुमार, सीनियर अंडर ऑफिसर नेहा राठौर, अजमईन, सोफिया अंजुम, सुहानी , अंशिता, दिक्षा , बबिता , दीप्ति , वैशाली , वंदना , अंजली आर्या, अंजली पंत, नीलम, तृप्ता कौर सोनम आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन कैप्टन डॉ. शलभ गुप्ता ने किया।

# नशे के विरूद्ध अधिकारियों कर्मचारियों को दिलाई शपथ

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। अन्तराष्ट्रीय नशा विरोधक दिवस एवं विश्व ड्रग दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न कार्यालयों में नशे के विरूद्ध शपथ अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन प्रांगण में प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे के विरूद्ध शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी ने नशे से मानव शरीर तथा परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर को लगातार खोखला करता रहता



है, जिस कारण व्यक्ति, अकाल ही मृत्य को प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशे की प्रवृत्ति विशेषकर युवाओं में बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक की भाँति स्वंय नशे से दूर रहते हुए समाज को भी नशे से बचाने का प्रयास करना चाहिए एवं जागरूक करना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भी राज्य को 2025 तक नशा मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## नशे के दुष्प्रभावों पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधक दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय संप्रेक्षण ग्रह किशोर ऊधम सिंह नगर में पुलिस उपाध्यक्ष रूद्रपुर श्रीमती अनुषा बडोला , मुख्य उद्यान अधिकारी श्रीमती भावना जोशी , तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन द्वारा बच्चों को नशे के दुरुपयोग के बारे में समझाया गया तथा श्रीमती बडोला द्वारा सभी किशोरों को नशे के विरुद्ध बाकी जनमानस को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम द्वारा बच्चों की काउंसलिंग भी की गई। संस्था में निरुद्ध किशोरों को नशे के हानि के प्रति जागरूक करने हेतु पेंटिंग तथा निबंध की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर सहायक अधीक्षक श्री हर्षद लटवाल, श्री राजेंद्र पांडेय , चाइल्डलाइन से सायरा तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।

# अंग-भंग होने से पीड़ित श्रमिकों ने निकाला फ्लैशलाईट जुलूस

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। समाज आटोमोटिव कारखाने द्वारा निकाले गए 41 स्थाई मजदूरों और आधा दर्जन से अधिक ठेका मजदूरों के अंग-भंग होने से नाराज मजदूरों ने जिला प्रशासन, श्रम विभाग और समाज आटोमोटिव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिडकुल से लेकर ट्रांजिट कैंप तक फ्लैशलाइट जुलूस निकाला। इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए पीडीपीएल यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश सिंह चिलवाल ने कहा कि आज स्थाई मजदूरों को सड़क पर 66 दिन पूरे हो चुके हैं और पूर्व में जिला प्रशासन व श्रम विभाग के समक्ष की गई शिकायतें और शंकाये भी सही साबित हुई है। स्थाई मजदूरों को काम से बाहर करके और अनट्रेंड ठेका मजदूरों से काम कराते हुए कारखाना मालिक ने आधा दर्जन से अधिक श्रमिकों के हाथ कटवाचुका है। लेकिन जिला प्रशासन और श्रम विभाग समाज आटोमोटिव कारखाने के पक्ष में ही काम कर रहा है। ऐसा लगता है कि जिला प्रशासन कारखाने के अंदर मजदूरों की जान जाने का इंतजार कर रहा है। भाकपा माले के जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि 66 दिन में हुई तमाम वार्ताओं में समाज आटोमोटिव कारखाना द्वारा स्वीकार किया जा चुका है कि कारखाना संचालन की अनुमति नहीं ली गई है और उसने गैरकानूनी तरीके से मजदूरों को बाहर किया हुआ है। यानी कि गैर कानूनी तरीके से समाज आटोमोटिव कारखाने का मालिक कारखाना का संचालन कर रहा है। लेकिन इस सबके बावजूद जिला प्रशासन , सरकार और श्रम विभाग पूरी तरह से कारखाना मालिक के पक्ष में खड़े हैं। हम जानना चाहते हैं कि ऐसी क्या मजबूरी है जिला प्रशासन और श्रम विभाग कारखाना मालिक के आगे नतमस्तक हैं। समाजसेवी सुब्रत विश्वास ने कहा कि 66 दिन से बाहर श्रमिकों के भूखे मरने की नौबत आ गई है लेकिन सरकार और जिला प्रशासन के अंदर की मानवता मर चुकी है। सरकार जिला प्रशासन और श्रम विभाग मजदूरों के हाथ काटते हुए देखकर भी चुपचाप है। यदि श्रम विभाग श्रम कानूनों का पालन कराने के लिए नहीं बना है तो फिर श्रम विभाग का क्या मतलब? समाज आटोमोटिव कारखाना




का प्रबंधक तो बिल्कुल ही गुंडागर्दी पर उतर आया है। आधा दर्जन अन्ट्रेंड मजदूरों के हाथ कटवाकर उन्हें इलाके से ही बाहर भेज दे रहा है। बड़ी मुश्किल से 2 पीड़ितों ने हमसे संपर्क किया। हम इन मजदूरों को भी न्याय दिलाने की पुरी ताकत के साथ लड़ाई लड़ेंगे। फ्लैशलाइट जुलूस में धर्मेंद्र पटेल, करण सिंह, अमन सिंह,चरण सिंह, जयशंकर, जयप्रकाश, अरविंद वर्मा, पुरुषोत्तम, दीपिका भारती, विजय शर्मा, सत्यवीर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सेन्टर ऑफ एक्सिलेंस से कृषि के क्षेत्र में आएगी क्रांति: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। सोमवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में इण्डो-इजराइल एग्री0 प्रोजेक्ट के सहयोग से उत्तराखण्ड में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक मे कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी भी उपस्थित रहे। कृषि मंत्री ने अवगत कराया कि भारत और इजराइल के बीच कृषि के क्षेत्र में जी-2जी स्तर पर रणनीतिक सहयोग है। यह साझेदारी 2006 में हस्ताक्षरित एक एम0ओ0यू0 के आधार पर भारत इजरायल कृषि परियोजना में विकसित हुई। इस परियोजना का लक्ष्य फसल विविधता को बढ़ावा देना तथा कम से कम जल के प्रयोग से उत्पादकता बढ़ाना है। जिसमें इजराइली एग्रीकल्चर प्रौद्योगिकियों को स्थानीय भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप विकसित कर तकनीकी ज्ञान प्रसारित करना है। इस अवसर पर एम्बेसी ऑफ इजराइल, नई दिल्ली से आए श्री येअर इशेल ने बताया कि भारत में इण्डो-इजराइल एग्रीकल्चर परियोजना के तहत 24 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जा चुके हैं। उत्तराखण्ड राज्य में मैदानी एवं घाटी क्षेत्रों में उपोष्ण बागवानी की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित



किये जाएंगे, जिसमें पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय का सहयोग प्राप्त किया जायेगा। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि इजराइल कृषि प्रौद्योगिकी में विश्व में अग्रणी है और वहां कृषि अत्यन्त विकसित उद्योग के रूप में स्थापित है। सेन्टर ऑफ एक्सिलेंस के बन जाने से उत्तराखण्ड में कृषि के क्षेत्र में एक क्रांति आएगी। राज्यपाल ने इजराइल देश द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि इजराइल में ड्राई लेण्ड फार्मिंग में कृषि क्षेत्र में कम पानी के समुचित प्रयोग के द्वारा अत्यधिक उत्पादन किया जा रहा है। इजराइल भ्रमण के दौरान वहां पर किये जा रहे रिसर्च एवं डेवलपमेंट कार्यों को देखा गया, जो कि कृषि एवं औद्यानिकी के क्षेत्र में एक क्रांति लाये हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में इस कार्य को करने के लिए मिशन मोड में स्पष्ट उद्देश्य, विजन, रोड मैप तैयार करते हुए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य किये जाने की आवश्यकता है। कृषि मंत्री द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उक्त कार्यक्रम समयान्तर्गत कराने हेतु पूर्व विधायक श्री राजेश शुक्ला द्वारा विशेष सहयोग एवं समन्वय किया गया। बैठक में सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण श्री दीपेन्द्र चौधरी द्वारा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना हेतु समय अन्तर्गत कार्यवाही करने की निर्देश प्रदान किये गए। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के सम्बन्ध में मिशन मोड के अन्तर्गत कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। इस बैठक में परियोजना अधिकारी इजराइल एम्बेसी ब्रह्मा देव, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी, विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अपर निदेशक डा आर के सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# फ्लोरेंस नाइटेंगल अवॉर्ड मिलने पर मंजू कैड़ा को सम्मानित किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने रुद्रपुर निवासी श्रीमती मंजू कैड़ा को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए फ्लोरेंस नाइटेंगल अवॉर्ड को पूरे उत्तराखंड राज्य के लिए गौरव बताया है। उन्होंने कहा कि श्रीमती कैड़ा ने इस अवार्ड के जरिए उत्तराखंड राज्य का सम्मान और गौरव बढ़ाया है जिसके लिए वह श्रीमती कैड़ा को बधाई देती हैं। सोमवार को अपने दिल्ली प्रवास से लौटने के बाद श्रीमती शर्मा श्रीमती कैड़ा के आवास पर पहुंची और उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं बुके प्रदान कर उनका इस उपलब्धि के लिए स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि जवाहरलाल नेहरू जिला चिकित्सालय की नर्सिंग अधीक्षक मंजू कैड़ा को विगत दिवस दिल्ली में



आयोजित एक समारोह में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कोरोना महामारी के दौरान कोविड अस्पताल का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने सहित कायाकल्प योजना और तंबाकू उन्मूलन के विरुद्ध अभियान में उनकी सराहनीय भूमिका के लिए फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड से सम्मानित किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है स इधर श्रीमती शर्मा और महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोग गंगापुर रोड स्थित वसुंधरा एंक्लेव पहुंचे, जहां उन्होंने श्रीमती कैड़ा के आवास पर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा सहित महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष चेतन भट्ट, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री पूनम गुप्ता, उपाध्यक्ष मंजू जैन, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष नकुल कैड़ा, गुरविंदर कौर, राहुल विश्नोई, सुमित राय सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर
कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# आरएएन स्कूल में नई शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यशाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आरएएन पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति से संबंधित कार्यशाला का आयोजन सीबीएसई देहरादून द्वारा किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस कार्यशाला में आरएएन पब्लिक स्कूल के अनेक शिक्षकगणों ने भाग लिया। कार्यशाला का



संचालन आर ए एन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट तथा डॉ गीता शुक्ला द्वारा किया गया।कार्यशाला में नई शिक्षा नीति का आवाहन करते हुए उसके मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और अनेक रचनात्मक क्रियाकलाप कराते हुए बताया गया कि नई शिक्षा नीति द्वारा विद्यार्थी गण राष्ट्र निर्माण में भी रचनात्मक भूमिका निभा पायेंगे। कार्यशाला के अंत में समस्त अध्यापकगणों ने श्रीमती भावना भनोट तथा डॉ गीता शुक्ला का आभार प्रकट किया ।

# तनीषा सिंगला ने नीट में प्राप्त किया 547 वां स्थान

किच्छा(उद संवाददाता)। 21 लाख से अधिक परीक्षार्थियों में नगर की तनीषा सिंगला ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 547 वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार को दिया। तनीषा का कहना था के कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मेट्रो सिटीज में जाकर तैयारी से ही सफलता मिलने की धारणा बे बुनियादी है । तनीषा ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में 690 अंक प्राप्त कर 99.955 परसेंटाइल स्कोर किया। उक्त जानकारी भारतीयम इंटरनेशनल लालपुर एवं आकाश इंस्टीट्यूट रूद्रपुर के शिक्षकों द्वारा सम्मान दिए जानेंके दौरान दी। तनीषा ने बताया के उनके पिता मुकेश अग्रवाल स्थानीय श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य हैं तथा माता किरण सिंगल ग्रहणी है तनीषा सिंगला ने बताया कि सोशल मीडिया से दूर रहकर नियमित 12 से 14 घंटे की पढ़ाई की। तनीषा जीवन में चिकित्सक बन समाज सेवा करना चाहती है।

गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES

AC चाहिए ?
आधार लाये,
उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड
मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारत की रणनीतिक साझेदारी

भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी की मिस्र यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। पिछले छब्बीस सालों में यह पहली बार था, जब भारतीय प्रधानमंत्री मिस्र की यात्रा पर गए। पिछले साल गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी को आमंत्रित किया गया था। यह भी पहली बार था, जब भारत ने मिस्र के किसी राष्ट्र प्रमुख को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया।तभी राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक और प्रतिरक्षा आदि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर दोनों देशों के बीच व्यापक समझौते हुए थे। इस बार प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद दोनों देशों ने इसे रणनीतिक साझेदारी तक ले जाने का संकल्प लिया है। हालांकि मिस्र और भारत के संबंध सदियों पुराने हैं, मगर आज जिस तरह से दुनिया बदल रही है, उसमें रणनीतिक साझेदारी बहुत अहम हो गई है।भारत के लिए मिस्र एक बड़ा बाजार है, वह मिस्र को बड़े पैमाने पर निर्यात भी करता है, मगर अब भी वह उसकी पूरी संभावनाओं का दोहन नहीं कर पा रहा है। नए समझौतों के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि मिस्र के साथ व्यापार मौजूदा करीब सात अरब डालर से बढ़ कर पंद्रह अरब डालर तक पहुंच जाएगा। हालांकि इसकी राह में कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत मिस्र को इस्लामिक सहयोग संगठन के महत्त्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखता है। इस तरह मिस्र के साथ संबंध प्रगाढ़ होने से इस्लामिक देशों के साथ भी भारत के रिश्ते मजबूत होंगे। इस वक्त भारत के लिए बड़ी चुनौती पड़ोसी देश से आतंकवादी प्रश्रय को खत्म करने की है। अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए भी प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उस पर नकेल कसने की जरूरत पर बल दिया।मिस्र में भी उन्होंने इसे रेखांकित किया। अगर मिस्र गंभीरता दिखाए, तो पाकिस्तान से भारत को मिल रही आतंकी चुनौतियों को कम करने में काफी मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री की मिस्र यात्रा के बाद भारतीय व्यापार संगठनों ने सुझाव दिया है कि भारत को मिस्र के साथ मुक्त व्यापार शुरू करना चाहिए, इस तरह मिस्र की व्यापारिक संभावनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकता है।इस पर भारत सरकार क्या कदम उठाती है, देखने की बात है। मगर व्यापारिक दृष्टि से मिस्र अब भी भारत के लिए बड़ा बाजार है। करीब पचास भारतीय कंपनियों ने वहां लगभग साढ़े तीन अरब डालर निवेश किया हुआ है। भारत अपने निर्यात का बड़ा हिस्सा मिस्र को भेजता है। फिर स्वेज नहर के जरिए अफ्रीका और यूरोप तक भारत की पहुंच आसान हो सकती है। मगर मिस्र में भी भारत के लिए बड़ी अड़चन चीन है। मिस्र से चीन का कारोबार भारत से करीब दो गुना अधिक है। फिर, कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जिस तरह मिस्र की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है, वह चीन की तरफ नजरें टिकाए रहता है। पिछले नौ सालों में मिस्र के राष्ट्रपति करीब आठ बार चीन की यात्रा कर चुके हैं। ऐसे में जिस तरह भारत की अमेरिका से नजदीकी बढ़ रही है, उसमें चीन किसी भी रूप में मिस्र को उसकी तरफ झुकने नहीं देना चाहेगा। ऐसी स्थिति में भारत को मिस्र में चीन से अधिक निवेश पर जोर देना होगा। फिर स्वेज नहर के जरिए भारत की व्यापारिक गतिविधियां तेज होना भी इसलिए आसान नहीं कि उसके लिए विभिन्न देशों के साथ मिस्र के पहले से समझौते हैं। इन सबके बावजूद मिस्र का रुख भारत के प्रति अधिक भरोसे का नजर आता है।

# 'भारत विश्व गुरु की भूमिका निभाएगा'

दो दिनी दौरे पर मिस्त्र पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वहां के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ नाइल' से सम्मानित किया है। मोदी इस समय दुनिया के एकमात्र ऐसे नेता हैं, जिन्हें न केवल मुस्मिल देष, बल्कि ऐशियाई व पश्चिमी देशों से भी निरंतर सम्मान मिल रहे हैं। इसीलिए उनकी वैश्विक नेता के रुप में प्रतिश्ठिा बड़ी। इस परिप्रेक्ष्य में ज्यादातर अप्रूवल रेटिंग एजेंसी के सर्वे में मोदी की हैसियत बढ़ा रहे हैं। कोरोना महामारी के कारण कई देशों और उनके नागरिकों की बिगड़ी आर्थिक स्थिति को संभालने का काम भी मोदी ने किया था। उनकी इस उदारता के चलते भी उनका सम्मान दुनिया में बढ़ा है। मिस्र के पहले मोदी को पापुआ न्यू गिनी द्वारा कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू सम्मान मिला। फिजी ने द कंपोनियन ऑफ द ऑर्डर, अमेरिका ने लीजन ऑफ मेरिट, बहरीन ने किंग हम्माद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां, मालदीव ने द आर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशा इज्जुद्दीन, रूस ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू अवॉर्ड, संयुक्त अरब अमीरात ऑर्डर ऑफ जायद अवार्ड, फलस्तीन द ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फलस्तीन अवार्ड, अफगानिस्तान ने द स्टेट आर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान और सऊदी अरब द्वारा आर्डर ऑफ अब्दुल अजीज अल सऊद सम्मानों से सम्मानित किया गया है। कोरोना से जब दुनिया में हाहाकार मची हुई थी, तब नरेंद्र मोदी एकाग्रचित्त से भारत ही नहीं दुनिया का कोरोना से मुक्ति के लिए संघर्षरत थे। कोविड-19 की पहली लहर में जब दुनिया उपचार के लिए दवा तय नहीं कर पा रही थी, तब भारत ने हाइड्रोक्सी-क्लोरोक्वीन गोलियां अमेरिका समेत पूरी दुनिया को उपलब्ध कराईं। नतीजतन दुनिया में मोदी की लोकप्रियता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। इस कालखंड़ में अमेरिका की एजेंसी मॉर्निंग कंसल्ट ने एक सर्वे किया। इस सर्वे में साफ हुआ कि मोदी की लोकप्रियता निरंतर न केवल बनी हुई है, बल्कि बढ़ी भी है। सर्वे में मोदी की प्रसिद्धी की दर 55 प्रतिशत रही। इसे सभी प्रमुख वैश्विक नेताओं में सबसे अधिक अंक मिले। रेटिंग एजेंसी फिच व एसबीआई ने कोरोना काल में आर्थिक गतिविधियां लंबे समय तक बंद रहने के बावजूद माना की देश के आर्थिक हालात बेहतर हो रहे हैं। बिगड़ी आर्थिक व्यवस्था की चाल को सुधारने के लिए सरकार के स्तर पर अनेक प्रयास हो रहे हैं। नतीजतन आर्थिक समृद्धि भविश्य में बनी रहना तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलना और देश को रेटिंग एजेंसियों द्वारा सम्मानजनक स्थान देना, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों के बिना संभव नहीं है। इस हेतु नरेंद्र मोदी ने एक के बाद एक बिना रुके, बिना थके ऐशियाई व पश्चिमी देशों की सैंकड़ों यात्राएं कीं। इन यात्राओं में मिली अप्रत्याशित सफलताओं ने प्रधानमंत्री को वैश्विक नेता के रूप में उभार दिया है। द्विपक्षीय रिश्तों में उन्होंने नए प्राण डाले। इन सभी यात्राओं की खास बात यह रही कि हिंदी में भाषण देने के बावजूद राश्ट्रीय ही नहीं, अंतराष्ट्रीय मीडिया में भी मोदी का जादू सिर चढ़कर बोलता रहा है। पिछले कुछ दशकों में ऐसा माहौल भारतीय प्रधानमंत्री तो क्या अन्य किसी देश के मुखिया के विदेशी दौरों में दिखाई नहीं दिया। उनके इस जादू के असर का प्रमुख कारण स्पष्टवादिता, दृढ़ता और वैश्विक आतंकवाद को खत्म करने का कठोर संदेश रहा। मोदी के इसी आचरण के कारण ब्रिट्रेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरेन उनके प्रशंसकों की सूची में शामिल हो गए हैं। अपने पक्ष में मिले इस विश्वव्यापी समर्थन को देखते हुए ही, मोदी ने फिजी में कहा भी था कि 'भारत विश्व गुरु की भूमिका निभाएगा और अपनी ज्ञानशक्ति से विश्व का नेतृत्व करेगा।' दरअसल भविश्य का राजनीतिक नेतृत्व ज्ञान आधारित नेतृत्व पर ही टिका होगा, यह संभावना अमेरिका और ब्रिटेन भी जता चुके हैं। राष्ट्राध्यक्षों की विदेश यात्राओं के दौरान यह घटना विलक्षण ही होती है कि कोई मेजबान देश अतिथि प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति को अपने देश की सर्वोच्च संवैधानिक संस्था संसद में बोलने का अवसर दे लेकिन मोदी ने नेपाल, भूटान और फिजी की संसदों को तो संबोधित किया ही, हाल ही में महाशक्ति अमेरिका और विकसित देश ऑस्ट्रेलिया की संसद को संबोधित किया। इस तरह किसी पश्चिमी देशों की संसद को संबोधित करने वाले मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। मोदी की चतुरता प्रवासी भारतीयों को लुभाने में भी पेश आती रही है। इससे पहले देश का कोई प्रधानमंत्री अपने ही रक्त संबंधियों की भावनाओं को इस तरह सम्मोहित नहीं कर पाया. आस्ट्रेलिया में 28 साल बाद तो फिजी में 33 साल बाद भारत का कोई प्रधानमंत्री अपने रक्त-संबंधियों से दुख-दर्द बांटने पहुंचा था। मोदी के पहले राजीव गांधी और इसके पहले इंदिरा गांधी फिजी गए थे। फिजी में 40 प्रतिशत भारतीय मूल के लोगों की आबादी है। इनमें से ज्यादातर ब्रिटिश शासनकाल 1879 से 1916 के बीच गिरमिटिया मजदूरों के रूप में ले जाए गए थे। फिजी की 83 फीसदी अर्थव्यवस्था वन संपदा, मछली और पर्यटन उद्योग पर टिकी है। लेकिन विडंबना है कि इस उद्योग के बड़े भाग पर वर्चस्व महज दो फीसदी गोरी आबादी का है। बावजूद फिजी की राजनीति में भारतवंषियों का दबदबा कायम है। 1997 में फिजी में जब लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ तो उसके प्रधानमंत्री भारतवंशी महेंन्द्र सिंह चौधरी बने। फिजी में भारतीयों की अब राजनीति के साथ-साथ आर्थिक हैसियत भी बढ़ रही है। इसीलिए मोदी को फिजी की संसद को संबोधित करने का अवसर मिला था। फिजी भारत के निकटता अपनी ऐतिहासिक- सांस्कृतिक विरासत और हिंदी के कारण है। वहां हिंदी खूब पढ़ी व बोली जाती है। फिजी विश्व हिंदी सम्मेलन भी आयोजित कर चुका है। इंदिरा गांधी ने भी फिजीवासियों के इस मर्म को समझा था। इस कारण वे भी फिजी गई थीं और उन्होंने द्विपक्षीय वार्ता में फिजी को महत्व दिया था। मोदी ने फिजी सरकार से कृषि व दुग्ध उद्योग के क्षेत्र में बढ़ावे का करार किया था। फिजी को डिजीटल क्षेत्र में भारत मदद कर रहा है। प्रवासी भारतीय हर साल अपने नाते-रिश्तेदारों को 70 अरब डॉलर भारत भेजते हैं। मोदी की निगाहें प्रवासी भारतीयों के इस निवेश को और बढ़ाने पर भी टिकी रही हैं। इसलिए प्रवासी भारतीय निरंतर भारत में निवेश कर रहे हैं। चूंकि ज्यादातर प्रवासी भारतीय गरीबी की हालत में अपने साथ धरोहर के रूप में गीता और रामायण ले गए थे। मोदी ने इसी सांस्कृतिक विरासत को लेकर दुनिया के देशों की अनेक यात्राएं कीं, इसलिए दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीयों के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। दूसरी तरफ वैश्विक आतंकवाद की खिलाफत और मोदी द्वारा सैंकड़ों देशों से नए धरातल पर बनाए द्विपक्षीय संबंधों ने मोदी की लोकप्रियता तो बढ़ाई ही, उन्हें वैश्विक नेता के रुप में स्थापित करने का काम भी किया है।

**'प्रमोद भार्गव**
**लेखक वरिष्ठ साहित्यकार**
**और पत्रकार हैं**

# आइडीपीएल कॉलोनी वासियों के साथ हरदा ने दिया धरना

ऋषिकेश। आइडीपीएल कॉलोनी वासियों के विस्थापन की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील पर प्रदर्शन कर धरना दिया। धरने में शामिल हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि यदि भाजपा आइडीपीएल को बचाने की लड़ाई में आगे आती है तो हमें भाजपा जिंदाबाद सुनने में कोई परहेज नहीं है। एक जुलाई को यदि सरकार कॉलोनी वासियों की बिजली-पानी काटती है तो कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी।धरना स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि फैक्ट्री लगातार घाटे में रही है, कांग्रेस शासनकाल में मैं केंद्रीय मंत्रिमंडल में दो बार ग्रांट लाने में सफल रहा हूं। भाजपा शासन में देश के भीतर सार्वजनिक उपक्रमों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। यही कारण है कि कुछ बड़े लोगों की पूंजी तेजी के साथ बढ़ी है। 700 नंबर पर खड़ा उद्योगपति दूसरे नंबर पर पहुंच जाता है। वर्ष 2014 के बाद उद्योग तेजी से बंद हुए हैं। उत्तराखंड में



एचएमटी और आइडीपीएल बंद हुए हैं। जब हम सरकार में थे तो हमने केंद्र सरकार से इसे लीज पर चलाने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार पल्ला झाड़ चुकी है। इसलिए हम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह करते हैं कि वह आइडीपीएल को राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम के रूप में संचालित करें।पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि आइडीपीएल की भूमि पर बड़ी-बड़ी चीजें बनाने की बात हो रही है। क्षेत्रीय सांसद रमेश पोखरियाल निशंक इस मुद्दे पर आगे आते हैं तो मैं उनके पीछे खड़ा होने को तैयार हूं। आइडीपीएल की कीमत पर हम राजनीति नहीं होने देंगे। वर्ष 2024 में हम मुद्दों और सैद्धांतिक आधार पर इनसे लड़ेंगे। उन्होंने कहा उत्तराखंड के सभी सांसद आइडीपीएल के मुद्दे पर मौन है। आइडीपीएल टाउनशिप की बिजली पानी काटकर सरकार संवेदनहीनता का परिचय दे रही है। यहां रह रहे नागरिकों को घर छोड़कर चले जाने के लिए सरकार मजबूर कर रही है। रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री को मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। रावत ने चेतावनी दी है कि एक जुलाई को सरकार ने आइडीपीएल क्षेत्र की बिजली पानी काटी गई तो हम इसका डटकर मुकाबला करेंगे। अन्याय के खिलाफ कांग्रेस इस लड़ाई को लड़ेगी।इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट राकेश सिंह मियां, जयेंद्र रमोला, राजपाल खरोला, विजय पाल सिंह रावत, महेंद्र भट्ट, अंशुल त्यागी, मदन मोहन शर्मा, महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नीलम तिवारी, कृपाल सिंह एचएन सिंह, दीप शर्मा, विनय सारस्वत, सनी प्रजापति, अभिनव मलिक आदि मौजूद रहे।

# भूस्खलन से तीन स्टेट हाईवे समेत प्रदेश में 43 सड़कें बंद

देहरादून। उत्तराखंड में मानसून की दस्तक के साथ ही सड़कों के बंद होने का सिलसिला शुरू हो गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में एक दिन पहले रविवार को हुई तेज बारिश के बाद सोमवार को भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के बीच भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। इससे 43 सड़कें बंद हो गईं। लोनिवि के प्रमुख अभियंता दीपक यादव ने बताया कि सोमवार शाम तक मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में छोटी बड़ी 43 सड़कें बंद थीं। इनमें तीन स्टेट हाईवे, दो मुख्य जिला मार्ग, एक अन्य जिला मार्ग और 37 ग्रामीण सड़कें शामिल थीं।सड़कों को खोलने के लिए 51 जेसीबी को लगाया गया था। उन्होंने बताया कि सड़कों को खोलने के काम में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी, जो अधिकारी कर्मचारी इस काम में लापरवाही बरतेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उत्तराखंड में पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में अगले चार दिन तक भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग की ओर से संवेदनशील इलाकों में हल्के से मध्यम भूस्खलन और चट्टान गिरने से कहीं-कहीं सड़कों और राजमार्ग के अवरुद्ध होने की आशंका भी जताई गई है। मैदानी इलाकों से लेकर पर्वतीय इलाकों में बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 26 जून को प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और कई दौर की बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 27 और 28 जून को उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में बारिश का येलो अलर्ट है। 29 जून को भी प्रदेश भर में बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# लाभार्थी संग सेल्फी अभियान में उत्तराखंड की हिमानी वैष्णव चयनित

देहरादून। भाजपा महिला मोर्चा चमोली की जिलाध्यक्ष डॉ. हिमानी वैष्णव नमो एप के माध्यम से लाभार्थी संग सेल्फी अभियान में वे देश में टॉप टेन में शामिल



हुई हैं। डॉ. हिमानी वैष्णव (नगर पंचायत नंदप्रयाग की अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बीते माह घर-घर जनसंपर्क अभियान के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के साथ सेल्फी खींचकर नमो एप और सरल एप पर कुल 1604 फोटो अपलोड कीं। भाजपा महिला मोर्चे की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि डॉ. हिमानी वैष्णव अन्य महिला कार्यकर्ताओं के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने पूरे मनोयोग से महिला मोर्चे की बागडोर संभाली हैं। समस्त महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बदौलत ही यह संभव हो पाया है।

# गांवों में पांच-पांच किसानों को मछली पालन हेतु चिन्हित करने के निर्देश

हल्द्वानी। जिलाधिकारी वंदना ने कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में मत्स्य विभाग की भौतिक कार्यो के साथ ही अन्य गतिविधियों की जानकारी लेते हुये समीक्षा बैठक ली। बैठक मे प्रभारी मत्स्य अधिकारी डा0 विशाल दत्ता ने डीएम को अवगत कराया कि मत्स्य पालन हेतु जनपद में रामगढ़ ब्लॉक में 15 गावों का लक्ष्य ट्राउट मत्स्य पालन हेतु चिन्हित किये गये है। तीन गावों में तालाब बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलाव उन्होंने कर्मचारियों की कमी एवं बैठकों की अधिकता के कारण कार्यो में प्रगति ना होना बताया। डीएम ने अर्थसंख्याधिकारी को निर्देश दिये हैं कि प्रभारी मत्स्य अधिकारी को आतिथि से 15 अक्टूबर तक बैठकों से मुक्त रखने एवम ग्रामों में भ्रमण करने हेतु आदेश जारी करे, ताकि मत्स्य अधिकारी अधिक से अधिक किसानों को मत्स्य पालन की योजनाओ की जानकारी देते हुये पात्र लाभार्थी को जोड कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करें तथा जनपद में मछली पालन को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा 15 ग्रामों के क्लस्टर में प्रत्येक गांवों में पांच-पांच किसानों को मछली पालन हेतु चिन्हित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मत्स्य अधिकारी को गांवों मे बडे स्तर पर ट्राऊट मछली का क्लस्टर उत्पादन बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अर्थ संख्या अधिकारी मुकेश नेगी उपस्थित मौजूद थे।

# जीजा ने नाबालिग साली के साथ किया दुष्कर्म

हरिद्वार। हरिद्वार से एक बार फिर रिश्तों को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक जीजा ने अपनी ही नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं जीजा ने अपने बहनोई से भी नाबालिग का रेप करवाया।हरिद्वार में रिश्घ्ते को कलंकित कर एक जीजा ने अपनी ही नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया। जीजा यहीं नहीं रुका। उसने अपने बेहनोई से भी नाबालिग साली का रेप करवाया। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपित थाना पथरी के ग्राम सुभाहेडी निवासी है। जबकि उसका ससुराल कस्बा लंढौरा में है।मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी एक दिन मौका देख बहला-फुसलाकर नाबालिग को अपने साथ ले गया। जिसके बाद उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं इसके बाद उसने अपने बहनोई निवासी ग्राम भारापुर भोरी बहादराबाद से भी नाबालिग का रेप करवाया।पीड़िता द्वारा घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी गई। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने इसकी तहरीर थाने में दी है। जिसके बाद मंगलौर कोतवाली में पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल: शर्मा

## रम्पुरा में कमल सैनी को सौंपी वार्ड अध्यक्ष की कमान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस का वार्ड इकाईयों के गठन का अभियान अंतिम चरण में है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 21 भूतबंगला रम्पुरा में आयोजित एक सभा में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, पार्षद मोहन, खेड़ा, अर्जुन विश्वास, सतीश हैं उनके वार्ड अध्यक्ष बनने से वार्ड में पार्टी को मजबूती मिलेगी और आगामी निकाय चुनाव में पार्टी का परचम लहरायेगा। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा का असली चरित्र जनता के सामने आ चुका है। जनता भाजपा के जुमलों को पहचान चुकी है। रम्पुरा में विधायक और मेयर ने पिछले दस सालों में एक भी बड़ा काम नहीं बरगलाने वाली भाजपा इस मुद्दे पर जनता को हमेशा छलती रही है। नजूल के मुद्दे पर भाजपा के नेताओं में आपस में ही विरोधाभास है। भाजपा के कुछ नेता कहते हैं कि नजूल की समस्या हल हो गयी। दूसरी तरफ मेयर रामपाल ने वायदा किया था कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता तब तक कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।



कुमार और काली बाबा की मौजूदगी में सर्वसम्मति से वार्ड अध्यक्ष पद के लिए कमल सैनी के नाम की घोषणा की। इस अवसर पर सैकड़ों वार्डवासियों ने कांग्रेस में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए आगामी निकाय चुनाव में पार्टी का समर्थन करने का ऐलान किया। इस दौरान सीपी शर्मा ने कहा कि कमल सैनी कर्मठ जुझारू और जमीन से जुड़े हुए कांग्रेस कार्यकर्ता किया। दशकों से रम्पुरा की जनता कूड़े के पहाड़ का दंश झेल रही है। इस कचरे के कारण रम्पुरावासियों को दुर्गंध में जीवन यापन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में भूतबंगला और रम्पुरा के ठेली फड़ व्यवसायियों की रोजी रोटी छीनी गयी लेकिन भाजपा के जनप्रतिनिधि खामोश हैं। हर बार नजूल के नाम पर जनता को अगर नजूल की समस्या हल हो गयी तो फिर मेयर अभी तक कुर्सी पर क्यों नही बैठे हैं। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि जनता समझ चुकी है कि कांग्रेस ही विकास कर सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी, हरीश रावत के अलावा पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़, और पूर्व चेयरमैन मीना शर्मा के कार्यकाल में जो विकास हुए उनका लाभ आज भी जनता को मिल रहा है और कई पीढ़ियों तक मिलता रहेगा। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि भाजपा को सत्ता में पहुंचाकर जनता पछता रही है। भाजपा ने दो दशक बर्बाद कर दिये हैं। अब जनता को समझ आ रहा है कि भाजपा सिर्फ खोखले दावे कर सकती है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूरे प्रदेश में जनता का रूझान कांग्रेस की ओर है आगामी निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहरायेगा। श्री गावा ने रम्पुरावासियों से सोच समझकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आहवान किया। सभा को कांग्रेस नेता गोपाल भसीन, पार्षद मोहन खेड़ा, कांग्रेस नेता अर्जुन विश्वास, सतीश कुमार और वार्ड अध्यक्ष कमल सैनी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्याम कोली, गब्बर कोली, शंकर कोली, राजू कोली, कुंवरपाल, पप्पू कोली, राकेश कोली, विमल सरकार, राजकुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता, दीपक गुप्ता, विक्की सक्सेना, सोनू कश्यप, अशोक पाल, राहुल सैनी, प्रिंस सैनी, अंकित कोली, नरेश, चंचल दिवाकर, राजू सैनी, मोनू सक्सेना, टीरी पाल, विनोद पाल, प्रकाश पाल आदि मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**नदी में डूबने से ...**चला। इस पर जाखनदेवी अल्मोड़ा निवासी विनोद राठौर ने रात्रि लगभग 8 बजे कोतवाली अल्मोड़ा में अभी तक बच्चों के घर नही लौटने की सूचना दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार द्वारा नाबालिग बच्चों के गुमशुदगी के मामले को गंभीरता से लेकर शीघ्र बच्चों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर चौकी प्रभारी धारानौला दिनेश सिंह परिहार व पुलिस बल के साथ अल्मोड़ा विश्वनाथ क्षेत्र में तलाश प्रारम्भ की। सूचना पर सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद व एसडीआरएफ व अल्मोडा फायर यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंची। सीओ अल्मोड़ा के नेतृत्व में रेस्क्यू टीमों द्वारा बच्चों की तलाश हेतु रात्रि में विश्वनाथ नदी के आस-पास सघन सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीम के सर्च अभियान के दौरान रात्रि करीब दो बजे दोनों बच्चों भावना नेगी व आदित्य नेगी के शव विश्वनाथ नदी भैसोड़ाफार्म के पास से बरामद हुए। पुलिस द्वारा दोनों बच्चों के शवों का पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा भेजे गये। माना जा रहा है कि किसी एक के नदी में दुर्घटनावश डूबने से दूसरे ने उसे बचाने का प्रयास किया होगा, जिससे दोनों की मौत हो गई। हालांकि पुलिस घटना के सही कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतकों के घर में अब केवल मां और एक छोटा भाई है।

**कार लूट कांड ...**खोल दिया । दोनों व्यक्तियों ने उसे कार से उतार दिया। कार में उसका लैपटॉप ,कंपनी का पर्स जिसमें आवश्यक कार्ड,कपड़ों की ट्राली बैग एवं मोबाइल फोन थे को लूट कर ले गये । एसएसपी ने बताया मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसपी क्राइम व एसपी सिटी के पर्यवेक्षण में टीमें गठित की गयी। गठित टीमों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत व घटनास्थल के आसपास व अन्य सम्भावित स्थानों के लगभग 500 कैमरों की सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। कैमरों के अवलोकन से उक्त लूट की घटना में सफेद रंग की टाटा सफारी कार की पहचान हुई। टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल तीन आरोपियों अमरदीप सिंह उर्फ सोनू पुत्र जसविन्दर सिंह निवासी ग्राम मकरोई थाना बहेडी ,मो. इल्मान पुत्र खतीब अहदम निवासी ग्राम गुना जवाहर फरीदपुर थाना बहेड़ी व मनप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र मलकीत सिंह निवासी ग्राम गरीब पुरा थाना बहेड़ी को ग्राम गरीबपुरा में अभियुक्त मनप्रीत उर्फ गोपी के घर से आगे खेत में बने गोदाम से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूटी गयी कार बरामद की गई। मनप्रीत सिंह से एक अदद तमंचा 315 बोर , 2 जिन्दा कारतूस बरामद हुए । पूछताछ में मनप्रीत ने बताया कि उसकी व सुलेमान की किच्छा निवासी एक व्यक्ति से रंजिश चल रही है। वह व्यक्ति हम लोगों को मारने की फिराक में है। उस व्यक्ति को सबक सिखाने को घटना को अन्जाम देने के लिये एक गाड़ी की आवश्यकता थी। जिस कारण काम को अंजाम देने से पहले गाड़ी लूट की योजना बनाकर सफेद सफारी का इंतजाम किया । 17 जून की शाम वह सभी पुनः बहेड़ी में मिले और फिर से पूरी योजना बनायी। जिसके मुताबिक ऐसे वाहन की तलाश में लग गये जिसमें अकेला व्यक्ति बैठा हो। कुछ समय बाद जहानाबाद रोड से एक गाड़ी का पीछा किया जिसमें एक अकेला व्यक्ति बैठा था जिसका पीछा कर एकान्त में बंगुल पुल के पास उसका वाहन लूट लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में भूपेन्द्र सिंह बृजवाल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सितारगंज, उनि कमलेश भट्ट थानाध्यक्ष पुलभट्टा, उनि विक्रम सिंह धामी, उनि चन्दन सिंह बिष्ट, उनि इन्दर सिंह डैला, उनि संजय सिंह बोरा, हेड कानि नरेन्द्र यादव, कानि. कमल नाथ गोस्वामी. अशोक बोरा, जाकिर, एसओजी के उनि भुवन जोशी. भुपेन्द्र आर्य, पंकज बिनवाल शामिल थे। एसएसपी ने पुलिस टीम को ईनाम देने की घोषणा की। खुलासे के दौरान एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल,सीओ सितारगंज ओपी शर्मा आदि मौजूद रहे।

**दो युवकों के शव...**चौकी क्षेत्र में स्थित एक रिश्तेदारी में जाने के लिए घर से निकला लेकिन वापस घर नहीं लौटा। इस बीच आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि अंकित का शव अलीगंज से ठाकुरद्वारा की ओर जाने वाले मार्ग पर एक धान के खेत में लावारिस पड़ा है। अंकित की एक पुत्र तथा एक पुत्री है। इसी तरह एक अन्य घटना में कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में युवक का शव सोमवार शाम आबादी वाली कॉलोनी में लावारिस पड़ा पाया गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की। जानकारी के मुताबिक ग्राम धनोरी निवासी जयदेव 32 वर्ष पुत्र नन्हे सिंह मेहनत मजदूरी किया करता है। बताते है कि रोजाना की भांति गत सोमवार की सुबह रोजाना की भांति 8 वह मजदूरी करने के लिए घर से निकला लेकिन वापस घर नहीं लौटा। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम रमपुरा के समीप कृष्णा कॉलोनी में एक युवक अचेत पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। प्रथम दृष्टया जांच पड़ताल में जमीन पर पड़ा युवक मृत पाया गया। पुलिस ने जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक का पंचनामा भरकर अंत्य परीक्षण के लिए शव पीएम हाउस भेज दिया जहां से मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। मृतक के पिता ललित सिंह ने बताया कि लगभग 7 वर्ष पूर्व मृतक जयदेव का विवाह हुआ था लेकिन अज्ञात कारणों के चलते पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई। मृतक का एक तीन वर्ष का बेटा है।

**आठ सप्ताह में लोकायुक्त...** राज्य सरकार ने अभी तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं की, जबकि संस्थान के नाम पर वार्षिक 2 से 3 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। जनहित याचिका में कहा गया कि कर्नाटक और मध्य प्रदेश में लोकायुक्त द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है लेकिन उत्तराखंड में तमाम घोटाले हो रहे हैं। छोटे से छोटा मामला हाईकोर्ट में लाना पड़ रहा है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया कि वर्तमान में राज्य की सभी जांच एजेंसी सरकार के अधीन हैं, जिसका पूरा नियंत्रण राज्य के राजनैतिक नेतृत्व के हाथों में है। वर्तमान में उत्तराखंड राज्य में कोई भी ऐसी जांच एजेंसी नहीं है जिसके पास यह अधिकार हो कि वह बिना शासन की पूर्वानुमति के किसी भी राजपत्रित अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार का मुकदमा पंजीकृत कर सके। विजिलेंस विभाग भी राज्य पुलिस का ही हिस्सा है, जिसका सम्पूर्ण नियंत्रण पुलिस मुख्यालय, सतर्कता विभाग या मुख्यमंत्री कार्यालय के पास रहता है। एक पूरी तरह से पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच व्यवस्था राज्य के नागरिकों के लिए कितनी महत्वपूर्ण है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण यही है कि पूर्व के विधानसभा चुनावों में राजनैतिक दलों द्वारा राज्य में अपनी सरकार बनने पर प्रशासनिक और राजनैतिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए एक सशक्त लोकायुक्त की नियुक्ति का वादा किया था जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया है।

**चोरों ने गोल्डन....**गये थे। रात्रि में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने के इरादे से दुकान के शटर के ताले तोड़ दिये और शटर उठाकर भीतर जा पहुंचे। शटर के आगे शीशे का बड़ा दरवाजा भी लगा हुआ था। जो लॉक किया गया था। सम्भवत: शीशे का दरवाजा तोड़ने पर आवाज होने के भय से अज्ञात चोर वहां से भाग गये। 26 जून को सोमवार का साप्ताहिक अवकाश होने के कारण दुकान स्वामी किशोर अरोरा दुकान खोलने नहीं आये थे। इसलिए उन्हें इस घटना का पता नहीं चल सका। 26 जून को रात्रि में शटर उठा देखकर आस पड़ोस के लोगों ने जब दुकान स्वामी किशोर अरोरा को फोन कर कहा कि दुकान का शटर बंद करना भूल गये हो तो उन्होंने बताया कि आज उन्होंने दुकान खोली ही नहीं है। शटर खुला होने की जानकारी मिलते ही वह तत्काल दुकान पर पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि शटर के ताले टूटे हुए हैं तथा अन्दर शीशे का दरवाजा व दुकान में रखा सामान सुरक्षित है। सिद्धू बार गली में चोरों के आने से कालोनी वासियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवालिया निशान खड़े किये हैं।

**पिकप खाई में ...**अभियान के बाद चालक चंपावत निवासी मनोज कुमार जोशी के शव को मुख्य सड़क मार्ग तक लाया गया। इस दौरान रेस्क्यू टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी । प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना चालक को झपकी आने के चलते होना बताया जा रहा है।

**सड़क किनारे घायल...**बताया। उसका कहना था कि वह किसी से लिफ्ट लेकर हल्द्वानी जा रही थी। संजय वन के पास वह अचानक असंतुलित होकर गिर गई। । रेखा का जिला चिकिसालय में उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि रेखा ने करीब तीन माह पूर्व ही कमरा किराये पर लिया था। इस समय वह रोजगार की तलाश कर रही है।

**घायल महिला ने ...**सका पता चलते ही पति राकेश ने लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे बरेली के लिए रेफर कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि सोमवार को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग शव लेकर रम्पुरा पहुंचे और अंतिम संस्कार के लिए शव को श्मशान घाट ले जाने लगे। इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दी कि सड़क हादसे में घायल महिला की मौत हो गई है और शव बिना पोस्टमार्टम के लिए श्मशान घाट ले जाया जा रहा है। सूचना पर एसएसआइ अर्जुन गिरी गोस्वामी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और अंतिम संस्कार को ले गए गीता के शव को कब्जे में ले लिया। साथ ही उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**विवाह के छटे दिन...**45000 रूपए तथा नौ तोले सोने के जेवर व 400 ग्राम चांदी भी गायब मिले। तहरीर में कहा गया कि विवाह के अगले दिन से वह बिजनौर के किसी युवक से मोबाइल पर बात करते हुए भी पकड़ी गई। नवविवाहिता की तलाश करने पर जब वह नहीं मिली तो पुलिस को मामले की तहरीर दी जा रही है।

**कार खाई में गिरने...**थी। इस दौरान खांकरा के पास हादसा हो गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। दो लोगों के शव बरामद हुए हैं। घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# महा जनसंपर्क अभियान में चुघ ने की कई लोगों से मुलाकात

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में महा जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को पार्टी की नीतियों व प्रधानमंत्री नरेन्द्र सिंह के उपयोगी विचारों को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री भारत भूषण चुघ निरंतर क्षेत्र के प्रमुख लोगों से मुलाकात कर उनसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्ष के जनता को समर्पित कार्यकाल की चर्चा कर उन्हें पार्टी की नीतियों,चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के साथ ही विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं। महा जनसंपर्क अभियान के तहत से चुघ ने विशिष्ट व्यक्ति से संपर्क के दौरान मंदिर मनकामेश्वर के स्वामी नारायण चौतन्य जी महाराज,



इस्कॉन मंदिर के स्वामी जी व उनकी पूरी टीम व नगर के प्रतिष्ठित सामाजिक व्यक्ति जो कि इस्कॉन मंदिर की सेवा के साथ-साथ गौशाला का भी संचालन करते हैं चंद्रकांत अरोड़ा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की हिंदू धर्म के प्रति हमेशा से गहरी निष्ठा रही है। मंदिरों में पूरे विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करते हैं। उनकी वाणी व कार्यों में भी भारतीय संस्कृति तथा उच्च संस्कार प्रदर्शित होते हैं। इस मौके पर श्री चुघ के साथ उत्तरी मंडल के महामंत्री राधेश शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने जागृति ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित राठौर से मुलाकात की जोकि प्रतिदिन जिला चिकित्सालय के सामने दोपहर के भोजन की व्यवस्था गरीब मजलूम मरीजों के लिए करते हैं समाज के लिए एक नेक कार्य है। अमित ने कहा कि उन्हें जनसेवा के लिए कार्य करने की प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनने के बाद ही मिली। वंदे मातरम ग्रुप के अध्यक्ष संजय आर्य व हरीश भट्ट जोकि विभिन्न सामाजिक सेवा क्षेत्र में काम करते हैं। उनसे भी श्री चुघ ने मुलाकात की। उनके साथ श्री मोदी के 9 वर्ष के सफल कार्यकाल की चर्चा की। आर्य समाज के पुरोहित पख प्रभात कुमार आर्य व गौ रक्षा के क्षेत्र में बहुत अधिक काम करने वाले गौ रक्षा दल के जिलाध्यक्ष विराट आर्य व उनकी टीम सुनील श्रीवास्तव, विपिन श्रीवास्तव, आशु सिंह व कपिल यादव, जिंदगी जिंदाबाद के संचालक करमजीत सिंह चन्ना जो प्रतिदिन 5 रुपए में भोजन की दीनदयाल उपाध्याय चौक पर सेवा करते हैं व गरीब कन्याओं के विवाह की सेवा करते हैं से भी मुलाकात कर भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरका के कार्यों की चर्चा की। श्री चुघ ने सभी प्रमुख लोगों से 90 90 90 20 24 नम्बर भी डायल करवाकर अभियान के साथ जोड़ा। इस दौरान उनके साथ पार्षद राम किशन कोली व सुरेन्द्र सिंह सरजू भी थे।



# ढाई वर्ष से फरार दुर्घटना के आरोपी चालक के घर कुर्की की तैयारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वर्ष 2021 में पंजीकृत मुकदमा 279,304 ए, 427 से संबंधित वांछित वारंटी महेश कुमार अग्रवाल पुत्र गोपीनाथ अग्रवाल निवासी मीरा मार्ग, मैन मार्केट रुद्रपुर की गिरफ्तारी को पुलिस ने दबिश दी। आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही घर से गायब था। आरोपी पिछले करीब ढाई सालों से पुलिस को जांच में सहयोग न कर लगातार चकमा दे रहा है। मामले की विवेचना कर रहे एसआई अनुराग सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस आरोपी चालक के घर पर दबिश तो गायब हो गया। पुलिस के मुताबिक कई बार पुलिस ने संभावित ठिकानों पर भी तलाश की। पुलिस ने कोर्ट से 82 की अनुमति लेकर कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक आरोपी राजनीतिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा। विवेचक के मुताबिक अब पुलिस उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की तैयारी में है। उन्होंने बताया कि आरोपी चालक से जनवरी 2021 में ठंडी सड़क पर ट्रक से एक व्यक्ति की टक्कर लगने से मौत हो गई थी। ढाई वर्ष से बांछित चल रहा है।

# पिकप वाहन ने सब्जी विक्रेता को मारी टक्कर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग पर निजी चिकित्सालय के समीप वाहन का इंतजार कर रहे सब्जी विक्रेता को तेज गति से आते पिकप वाहन चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और पिकप मार्ग किनारे पलट गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राहुल पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम मसूरगंज, बहेड़ी ने कहा है कि उसके पिता महेन्द्र सब्जी का कारोबार करते हैं। गत 17 जून को वह अपने साथी के साथ किच्छा रोड़ पर वाहन का इंतजार कर रहे थे इसी दौरान करतारपुर की ओर से तेज गति से आते पिकप वाहन संख्या यूपी 25 ईटी 0319 के अज्ञात चालक ने उन्हें टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद पिकप वाहन कुछ आगे जाकर पलट गया। घायल पिता को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। पुलिस ने अज्ञात पिकप वाहन चालक के विरूद्ध रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000